जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2021/661 दिनांक : 01.04.2021

प्रति

अति आवश्यक

प्राचार्य/प्राचार्य
अग्रणी महाविद्यालय
जिला-ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया एवं श्योपुर
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र,
ग्वालियर

विषयः- स्नातक परीक्षा मार्च-2021 की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु आवश्यक निर्देश।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशित किया जाता है कि, स्नातक परीक्षा मार्च-2021 की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जाकर नियुक्ति के पत्र संबंधित महाविद्यालयों की ओर भेजे जा चुके हैं। उक्त नियुक्त परीक्षकों के संबध में संबंधित महाविद्यालय प्राचार्यो से आवेदन प्राप्त हो रहे है कि, विश्वविद्यालय द्वारा उनके महाविद्यालय हेतु नियुक्त परीक्षक कोविड-19 के कारण अथवा नियुक्त परीक्षक शहर से बाहर के होने एवं उनके द्वारा किसी अन्य कारण से प्रायोगिक परीक्षा कराये जाने में असमर्थता व्यक्त कर रहे है। जिसके कारण प्रायोगिक परीक्षा समयावधि में सम्पन्न कराये जाना संभव नही हो पा रहा है।

अतः कोविड-19 के बढते प्रभाव के संदर्भ में आपको निर्देशित किये जाता है कि, छात्र/छात्राओं एव शिक्षकों के हित को दृष्टिगत रखते हुऐ समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालयों की स्नातक परीक्षा मार्च-2021 की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षक जो कोविड-19 एवं अन्य किसी कारण से प्रायोगिक परीक्षा कराये जाने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं ऐसे परीक्षकों के स्थान पर नवीन परीक्षकों की नियुक्ति हेतु संबंधित अग्रणी महाविद्यालय को अधिकृत किये जाता है। अतः ऐसे महाविद्यालय तत्संबध में अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य से सम्पर्क कर प्रायोगिक परीक्षा हेतु अग्रणी महाविद्यालय से परीक्षक प्राप्त कर प्रायोगिक परीक्षा शीघ्र सम्पन्न करावें। बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में भेजी गई विषय विशेषज्ञों की सूची का प्रयोग करें।

उक्त संबंध में अपेक्षा है कि, परीक्षा जैसे अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान कर परीक्षा कार्य को समयावधि में पूर्ण कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. संपादक महोदय,.........................की ओर इस निवेदन के साथ कि, वे अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति महोदया के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप कुलसचिव (गोपनीय)